# अभ्यास–प्रश्न

1. संज्ञा, विशेषण और क्रिया-विशेषण उपवाक्यों से दो-दो वाक्य बनाइए।
2. निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए–
   - क. घंटी बजते ही उत्तर पुस्तिकाएँ ले ली गईं। (संयुक्त वाक्य में)
   - ख. दिल्ली भारत की राजधानी है। (मिश्र वाक्य में)
   - ग. वह खाना खाकर सो गया। (संयुक्त वाक्य में)
   - घ. उसने नौकरी के लिए प्रार्थना-पत्र लिखा। (मिश्र वाक्य में)
   - ङ. वह घर गया और काम में लग गया। (सरल वाक्य में)
3. निम्नलिखित सरल वाक्यों का मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए–
   - क. वर्षा के आ जाने से सब खुश होकर नाचने लगे।
   - ख. शाम होते-होते मैं घर पहुँच गया।
   - ग. शेर को देखते ही वे डरने लगे।
   - घ. दुष्ट लोगों से बचकर रहना चाहिए।
   - ङ. तुम्हारी पुस्तक कहाँ है?
   - च. स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत हुई।
4. निम्नलिखित वाक्यों का संश्लेषण कीजिए–
   - क. वह ईमानदार है। वह होनहार भी है।
   - ख. बच्चे परिश्रमी हैं। वे सफल अवश्य होंगे।
   - ग. उसके पास एक कलम है। कलम लाल रंग की है।
   - घ. वह एक मजदूर है। वह गाँव से आया है।
   - ङ. आज दीपावली है। लोग पटाखे चलाएँगे।
   - च. तुम गाँव जाओ। वहाँ तुम्हें शुद्ध दूध मिलेगा।
5. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–
   - क. सीता ने पाठ पढ़ा और सो गई। (वाक्य का प्रकार बताइए)
   - ख. ज्यों ही ट्रेन आई लोग उसमें बैठ गए। (वाक्य का प्रकार बताइए)
   - ग. जब बरसात होती है तभी मोर बोलते हैं। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
   - घ. जागते ही उसने पढ़ना शुरू कर दिया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
6. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–
   - क. सूर्य के उदित होते ही अंधकार नष्ट हो जाता है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
   - ख. मेरा एक भाई स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुका है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
   - ग. तुम जाकर उसको समझाओ। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
   - घ. मैं स्टेशन से बाहर आकर घर चला गया। (वाक्य का प्रकार बताइए)



Scanned by TapScanner

7. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–

क. तुम्हारे आदेश के कारण ही मैं वहाँ गया था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ख. उसने एक ऐसा कार्य किया जो अत्यन्त प्रशंसा के योग्य है। (वाक्य भेद बताइए)

ग. चिंतनशील व्यक्ति ही इस पद पर पहुँच पाता है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

घ. सभा में दिया गया मेरा भाषण अखबारों में छप गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

8. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–

क. नवनीत सबसे बड़ा है इसलिए सभी उसको प्रणाम करते हैं। (सरल वाक्य में बदलिए)

ख. वह कार तेजी से आकर खंभे से टकरा गई। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ग. वह बहुत प्रतिभाशाली है और पुरस्कार प्राप्त करके ही रहेगा। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

घ. नौकरानी आई। अपना काम किया। वह चली गई। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

9. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–

क. तुम उस बाज़ार में जाना जहाँ पुस्तक मिलती है। (वाक्य का प्रकार लिखिए)

ख. वह सवेरे उठते ही नहा-धोकर मंदिर चला जाता है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

ग. मैं चाहता हूँ कि मैं अपनी संतान को योग्य बनाऊँ। (सरल वाक्य में बदलिए)

घ. शहर में जिसकी आय कम होती है वे दुखी ही रहते हैं। (वाक्य भेद बताइए)

10. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–

क. मेहनत करने पर भी गरीबों को भरपेट रोटी नहीं मिलती। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ख. मैंने कार चला रहे युवक को देखा। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

ग. जो समय पर काम करते हैं, उन्हें पछताना नहीं पड़ता। (सरल वाक्य में बदलिए)

घ. बादल घिर आए और वर्षा होने लगी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

11. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–

क. उन्हें लगता था कि नमक कर एक सामान्य मुद्दा है। (सरल वाक्य में बदलिए)

ख. वे चाहते थे कि मैं भी वहीं बैठूँ। (वाक्य भेद बताइए)

ग. एक चिड़िया हमारी खिड़की पर डरी-डरी बैठी थी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

घ. नेताजी की मूर्ति बनाने का काम स्थानीय कलाकार ने मजबूरी में किया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

12. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–

क. एक तुमने ही इस जादू पर विजय प्राप्त की है। (वाक्य भेद बताइए)

ख. गगन ने शीत से बचने के लिए हाथ जेब मे डाला तो कागज का एक टुकड़ा निकला। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

ग. अंग्रेजी शासकों को उम्मीद थी कि डांडी यात्रा खुद ही कमजोर पड़कर खत्म जो जाएगी। (वाक्य भेद बताइए)

घ. इन लोगों की छत्रछाया हटी और मुझे अपने वजूद का एहसास हुआ। (सरल वाक्य में बदलिए)



Scanned by TapScanner

## बहुविकल्पी प्रश्न

1. निर्देशानुसार कीजिए–

(क) मैंने एक दुबली-पतली लड़की को कपड़े धोते देखा। ( इसका मिश्र वाक्य क्या बनेगा? )

(i) एक दुबली-पतली लड़की कपड़े धो रही थी।

(ii) मैंने एक दुबली-पतली लड़की देखी और वह कपड़े धो रही थी।

(iii) मैंने एक दुबली-पतली लड़की देखी जो कपड़े धो रही थी।

(iv) दुबली-पतली लड़की कपड़े धो रही थी।

(ख) माताजी ने आटा गूँधकर रोटी बनाई। ( इसका संयुक्त वाक्य क्या बनेगा? )

(i) जब माताजी ने आटा गूँधा तब रोटी बनाई।

(ii) माताजी ने आटा गूँधा और रोटी बनाई।

(iii) आटा गूँधकर माताजी ने रोटी बनाई।

(iv) जैसे ही माताजी ने आटा गूँधा, तो रोटी बनाई।

(ग) सुबह होते ही पक्षी चहचहाने लगे। ( मिश्र वाक्य बनाइए )

(i) सुबह पक्षी चहचहाने लगे।

(ii) जब सुबह हुई तो पक्षी चहचहाने लगे।

(iii) सुबह हुई और पक्षी चहचहाने लगे।

(iv) जैसे ही सुबह होती है, पक्षी चहचहाने लगते हैं।

(घ) दोनों वाक्यों को जोड़कर एक संयुक्त वाक्य का सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(अ) छुट्टी की घंटी बजी।

(आ) बच्चे घर चले गए।

(i) छुट्टी की घंटी बजते ही बच्चे घर चले गए।

(ii) जब छुट्टी की घंटी बजी तो बच्चे घर चले गए।

(iii) छुट्टी की घंटी बजी और बच्चे घर चले गए।

(iv) छुट्टी की घंटी बजती है तो बच्चे घर चले जाते हैं।

(ङ) मैं पुस्तक लिख रहा हूँ। ( वाक्य-भेद बताइए )

(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य

(iii) मिश्र वाक्य (iv) अन्य



Scanned by TapScanner

2. वाक्य-भेद सही विकल्प चुनिए–

**(क) जो परिश्रम करते हैं वे विद्यार्थी सदा सफल होते हैं। रचना के आधार पर वाक्य भेद है–**

(*i*) संयुक्त (*ii*) मिश्रित

(*iii*) संकेतवाचक (*iv*) सरल

**(ख) मैं स्टेशन पहुँचा और गाड़ी स्टेशन से चल पड़ी। रेखांकित वाक्य है–**

(*i*) मिश्रित वाक्य (*ii*) संकेतवाचक

(*iii*) संयुक्त वाक्य (*iv*) विस्मयादिबोधक

**(ग) यह कहना सर्वथा असत्य है कि शीला ने तुम्हारी निंदा की। रेखांकित आश्रित उपवाक्य का सही नाम छाँटिए–**

(*i*) संज्ञा आश्रित उपवाक्य (*ii*) विशेषण आश्रित उपवाक्य

(*iii*) क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य (*iv*) अन्य

**(घ) जहाँ-जहाँ विनोवा भावे गए, उन्हें पर्याप्त भूमि दान में मिली।**

(*i*) संज्ञा आश्रित उपवाक्य (*ii*) विशेषण आश्रित उपवाक्य

(*iii*) क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य (*iv*) अन्य

**(ङ) जो लोग शराब पीते हैं, वे हमें अच्छे नहीं लगते।**

(*i*) संज्ञा आश्रित उपवाक्य (*ii*) विशेषण आश्रित उपवाक्य

(*iii*) क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य (*iv*) अन्य

Scanned by TapScanner